आकाशवाणी शिमला

07.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 28, 87, 88 व 89 में प्रस्तावित संशोधनों पर आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार 2010 को आधार वर्ष मानते हुए जो पंचायतें लगातार दो कार्यकाल तक आरक्षित रही हैं, उन्हें आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षित नहीं किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन नियम, 2010 में भी संशोधन को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति के तहत स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का 40 प्रतिशत चिल्ड्रन ऑफ दे स्टेट को वित्तीय सहायता के तौर पर प्रदान करने का फैसला लिया गया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल शक्ति विभाग में जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को राज्य के कोटे से वेतन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में चंडीगढ़ से शिमला के बीच सप्ताह में हैली टैक्सी की तीन उड़ानों को बढ़ाकर 12 करने को भी मंजूरी दी गई।

जगत सिंह नेगी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने ढगवार में क्षेत्रीय सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के गठन को स्वीकृति प्रदान की, जिसमें कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के दुग्ध उत्पादक शामिल होंगे। मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के खाली पदों को भरने को भी स्वीकृति दी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना स्वस्थ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र आम लोगों के लिए महंगी ब्रांडेड दवाओं का सस्ता और भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च काफी कम हुआ है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत वर्तमान में देशभर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं और केंद्र सरकार का लक्ष्य इस वर्ष 31 मार्च तक इनकी संख्या बढ़ाकर 20 हजार करने का है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत मौजूदा समय में दो हजार एक सौ दस से अधिक दवाएं और तीन सौ 15 सर्जिकल उत्पाद भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महिला दिवस कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कल आठ मार्च को शिमला में महिलाओं के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। ये कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय और प्रदेश सरकार के खेल व युवा सेवा विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। मेरा युवा भारत शिमला कें सहायक निदेशक विजय कुमार ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना और खेलों को मजबूत करना है।

इस बीच कल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों के स्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने आज सिरमौर जिला के राजगढ़ में पेट्रोल पंप का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए ये बात कही। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से स्थानीय युवाओं की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। बाद में उद्योग मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया।